विवरण

कच्चे तेल का कम्पनी-वार और राज्य-वार उत्पादन

(मिलियन टन)

कम्पनी/राज्य		1994-95	1995-96	1996-97	1997-98	1998-99* (अप्रैल-फरवरी)
क.	ओ एन जी सी	29.356	31.635	28.685	28.250	24.429
	गुजरात	6.279	6.362	6.159	5.950	5.334
	असम	2.195	2.190	1.964	2.047	1.887
	आन्ध्र प्रदेश	0.271	0.044	0.052	0.066	0.078
	तमिल नाडु	0.385	0.374	.329	0.324	0.335
	बम्बई हाई अपतट	20.226	22.665	20.181	19.863	16.795
ख.	ओ आई एल	2.883	2.882	2.870	3.094	3.008
	असम	2.849	2.854	2.834	3.069	2.974
	अरुणाचल प्रदेश	0.034	0.028	0.036	0.025	0.034
ग	निजी/संयुक्त उद्यम कंपनियां	—	0.650	1.346	2.514	2.670
	गुजरात	—	0.023	0.025	0.028	0.028
	असम/अरूणाचल प्रदेश	—	0.003	0.014	0.015	0.039
	पूर्वी अपतट	—	0.157	0.811	1.960	1.606
	पश्चिमी अपतट	—	0.467	0.496	0.511	0.997
	कुल जोड़ (क+ख+ग)	32.239	35.167	32.901	33.858	30.107

पेट्रोलियम क्षेत्र का कार्य-निष्पादन

2728. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले पांच वर्षों के दौरान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस उत्पादन क्षेत्र लाभ अर्जक क्षेत्र के रूप में विकसित हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस क्षेत्र में पूंजी की आवश्यकता को पूरा किया जा सकता है तथा उत्पादन में तेजी लाई जा सकती है;

(ग) यदि हां, तो इस क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों में किए गए पूंजी निवेश का वर्षवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार के आकलन के अनुसार उक्त वर्षों के दौरान कुल कितने अनुमानित पूंजी-निवेश की आवश्यकता है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) और (ख) देश का पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस उत्पादन क्षेत्र नाममात्र का लाभ कमाने वाला क्षेत्र है क्योंकि दो राष्ट्रीय तेल कम्पनियां अर्थात ओ एन जी सी और ओ आई एल जो अधिकतर उत्पादन करती हैं, लगातार लाभ कमाती रही हैं। देश के पेट्रोलियम संसाधनों के मूल्य को अधिकतम करने और प्रचालनों को आर्थिक रूप से लाभप्रद बनाने के लिए निरन्तर प्रयास किए जाते हैं। इसी के साथ साथ अन्वेषण और उत्पादन क्षेत्र की पूंजीगत आवश्यकता को पूरा करने के लिए आंतरिक संसाधन जुटाने को अधिकतम करने पर बल दिया जाता

है, ताकि उत्पादन में वृद्धि करने के लिए परिकल्पित कार्य स्तरों की सहायता की जा सके।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान ओ एन जी सी/ओ आई एल/निजी और संयुक्त उद्यम कंपनियों द्वारा किए गए निवेश का ब्यौरा निम्नानुसार था:

(करोड़ रुपए)

वर्ष	ओ एन जी सी	ओआईएल	निजी/संयुक्त उद्यम
1995-96	4245	331.16	252.99
1996-97	3973	353.33	1771.08
1997-98	4005	354.74	1401.22

(घ) बजट अनुमानों के अनुसार निवेश किए जाने के लिए आवश्यक कुल धनराशि ओ एन जी सी और ओ आई एल के संबंध में निम्नानुसार थी:

(करोड़ रुपए)

वर्ष	ओ एन जी सी	ओ आई एल
1995-96	5245	610
1996-97	4451	638
1997-98	4406	592

मध्य प्रदेश में बीना के निकट तेल शोधक कारखाना

2729. **श्री राघवजी:** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश में बीना के पास तेल शोधक कारखाने के निर्माण कार्य में कोई गतिरोध आया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक दूर कर दिया जाएगा;

(ग) यदि नहीं, तो यह कारखाना कब तक अपना उत्पादन प्रारम्भ कर देगा;

(घ) क्या इसके निर्माण की अब तक की प्रगति निर्धारित योजना के अनुसार है; और

(ङ) इसके निर्माण कार्य में अब तक कुल कितनी राशि व्यय हो चुकी है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) से (ग) बीना रिफाइनरी परियोजना का निर्माण सिंगल प्वाइंट मूरिंग (एस पी एम) से क्रूड आयल टर्मिनल तक क्रूड पाइपलाइन के उस भाग, जो कि बादीनार में अधिसूचित मैरीन नेशनल पार्क से होकर गुजरता है, के लिए गुजरात सरकार से वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत अनुमोदन/स्वीकृति प्राप्ति के लम्बित रहते अब तक आरम्भ नहीं किया जा सका। इस स्वीकृति में शीघ्रता के लिए राज्य सरकार के साथ लगातार अनुवर्ती कार्रवाई की जा रही है।

(घ) जी, नहीं।

(ङ) मार्च, 1999 की स्थिति के अनुसार अब तक प्रक्रम अनुज्ञप्ति दाताओं के शुल्क, भूमि के अधिग्रहण इत्यादि तथा अन्य संबंधित क्रियाकलापों/प्रशासन लागतों पर 142 करोड़ रुपए (अनंतिम) व्यय किए गए हैं।

Availability of gas through pipelines in Himachal Pradesh

2730. SHRI ANIL SHARMA: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Governments consideration for availability of Gas through pipelines in Himachal Pradesh; and

(b) if so, what are the main cities in Himachal Pradesh where this scheme will be operated and from which date?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

Introduction of uniform sales tax on petroleum products

2731. DR. B.B. DUTTA: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether the Parliamentary Standing Committee on Petroleum and Natural Gas has advised the Government to pursue vigorously with the Finance Ministry